प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 30.10.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. अयोध्या में दीपोत्सव के तहत आज 25 लाख से अधिक दीप जलाने और सरयू तट पर 1100 बटुक और 157 संतों द्वारा एक साथ महाआरती कर बनाया जा रहा है कीर्तिमान।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने दीपोत्सव कार्यक्रम को किया संबोधित : मुख्यमंत्री ने कहा– डबल इंजन सरकार ने पूरा किया अपना वादा।
3. प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिये नाम वापस लेने की अंतिम तिथि आज हुई समाप्त : 5 प्रत्याशियों ने नाम लिये वापस, कुल 90 प्रत्याशी मैदान में।
4. प्रदेश में कल धूमधाम से मनाई जायेगी दीपावली : आपात स्थिति से निपटने के लिए प्रदेश सरकार ने सभी सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की छुट्टियों को किया रद्द।
5. त्योहारों पर यात्रियों की सुविधा के लिये रेलवे ने किये खास इंतजाम : 5 स्पेशल ट्रेनों के अलावा लखनऊ मंडल से होकर गुज़रेंगी दिल्ली से चलने वाली 35 ट्रेनें।

————————

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद आज भव्य दीपोत्सव मनाया जा रहा है। इस दीपोत्सव में राम की पैड़ी समेत 55 घाटों पर 25 लाख से अधिक दीप जलाकर नया कीर्तिमान बनाया जा रहा है। गिनीज रिकॉर्ड की टीम ड्रोन से गिनती कर अब से कुछ देर में रिजल्ट घोषित करेगी। वहीं सरयू तट पर एक साथ 1100 बटुक और 157 संतों द्वारा 15 मिनट तक महाआरती कर नया कीर्तिमान बनाया गया। यह पहली बार है जब इतनी बड़ी संख्या में बटुकों ने आरती की है। इस भव्य आयोजन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय पर्यटन–संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, बृजेश पाठक, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही भी इस दीपोत्सव में मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार ने अयोध्या के विकास के लिये कई कदम उठाये हैं, जिसके बाद अयोध्या में श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। बाइट....

*आज अयोध्या को देश की पहली सोलर सिटी बना दिया गया है। अयोध्या में इंटरनेशनल एयरपोर्ट बना पूरे देश की कनेक्टिविटी अयोध्या के साथ जुड़ी एवरेज 1,00,000 श्रद्धालु वर्तमान में है और पीक में यह 5 लाख और कभी कभी यह 35 लाख तक यह पहुंचाता है।*

कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि इस दीपोत्सव पर हम संकल्प लेंगे कि भगवान राम के आदर्शो को वापस लाकर भारत को दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश बनाये। बाइट.....

*ये आज का दीपोत्सव निश्चित रूप से हम सबके लिये संकल्प का दिन है कि हम भगवान श्रीराम के उस सुशासन को वापस स्थापित करेंगे। भगवान श्रीराम के आदर्शो का*

*शासन स्थापित करके, इस देश को विश्व का सबसे शक्तिशाली, सम्पन्न और सामर्थशाली देश बनायेंगे, लेकिन भारत की शक्ति भारत का सामर्थवान होना उसका उद्देश्य विश्व कल्याण है और विश्वकल्याण के लिये जो प्रमाण है ये निश्चित रूप से भारत को विश्व गुरू के रूप में प्रतिस्थापित करेगा।*

इससे पहले आज सुबह भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसे प्रदेश के पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साकेत महाविद्यालय से शुरू हुई इस शोभायात्रा में रामायण के प्रसंगों पर आधारित झांकियां निकाली गईं। आज के भव्य दीपोत्सव में अयोध्या के आकाश में रंग–बिरंगी रोशनी युक्त 500 ड्रोन के जरिए भव्य एरियल ड्रोन शो का आयोजन भी किया गया है। इस शो के जरिए प्रभु राम, लक्ष्मण और हनुमान जी की चित्रों का प्रदर्शन किय़ा गया। भव्य दीपोत्सव के दौरान पूरी रामनगरी को 35 लाख से अधिक दीपों से सजाया गया है।

इस आयोजन में सरयू के बीच एक बड़ा मंच तैयार किया गया है जिसपर 6 देशों और देश के कई राज्यों के कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। अयोध्या में होने वाले दीपोत्सव में सुरक्षा की दृष्टि से भी इंतज़ाम किए गए हैं। इसके लिए लगभग 5000 पुलिस कर्मियों दीपोत्सव कार्यक्रम की सुरक्षा में तैनात किया गया है। इनमें लखनऊ, कानपुर, झांसी, बस्ती, वाराणसी और गोरखपुर रेंज के पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। अयोध्या में 15 एडिशनल एसपी, 31 डिप्टी एसपी और 65 इंस्पेक्टर तैनात किए गए हैं। पूरी अयोध्या को जोन और सेक्टर में बांटा गया है। साथ ही 8 कंपनी पीएसी भी लगाई गई है।

————

दीपावली और छठ के त्योहार को देखते हुए राज्य सरकार ने निराश्रित महिलाओं के खाते में उनके पेंशन की तीसरी किस्त भेज दी है। वित्तीय वर्ष 2024–25 के अंतर्गत इस योजना की तीन तिमाही किस्तों में पेंशन राशि का वितरण किया गया है। तीसरी तिमाही में लगभग 29 लाख लाभार्थियों के खातों में लगभग 90 लाख से अधिक की धनराशि भेजी गई है। गौरतलब है कि पति की मृत्यु उपरान्त निराश्रित महिला पेंशन योजना के तहत वे महिलाएं लाभार्थी शामिल हैं, जिनकी आयु 18 वर्ष या उससे अधिक है और जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय 2 लाख रुपये से अधिक नहीं है।

————

प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिये आज नामांकन वापस लेने का अंतिम दिन था। आज मीरापुर, सीसामऊ और कटेहरी से 1–1 कुंदरकी सीट से 2 प्रत्याशियों ने नाम वापस लिए हैं। नामांकन पत्रों की जांच का काम पूरा हो गया है। चुनावी मैदान में अब जो उम्मीदवार बचे हैं, उनमें मुजफ्फरनगर की मीरापुर विधानसभा सीट से 11, सीसामऊ पर 5, कुंदरकी से 13, , गाजियाबाद सीट पर चौदह, मझवां सीट पर तेरह, फूलपुर से 12, कटेहरी सीट पर 11, करहल पर सात और खैर विधानसभा सीट पर पांच प्रत्याशी शामिल हैं। वहीं चुनाव आयोग ने प्रदेशभर की वोटर लिस्ट के पुनरीक्षण का अभियान कल से शुरु कर दिया है। आयोग उप चुनाव वाली 9 सीटों के मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण का कार्यक्रम बाद में घोषित करेगा।

————————

प्रदेश में आगामी उपचुनाव के मद्देनज़र सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मुजफ्फरनगर के मीरापुर विधानसभा क्षेत्र में चुनाव और त्यौहारों को शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से स्थानीय पुलिस और केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल ने संवेदनशील, रिहायशी व भीड़—भाड़ वाले स्थानों पर फ्लैग मार्च किया। इस दौरान लोगों को जनपद में लागू आचार संहिता के बारे में बताया गया और उसका पालन करने के साथ कानून—व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई। प्रशासनिक अधिकारियों ने लोगों से सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की आपत्तिजनक या भ्रामक पोस्ट न शेयर करने की भी अपील की ।

————————

रोशनी का पर्व दीपावली कल पूरे देश में धूमधाम से मनाया जाएगा। दीपावली के तैयारी के लिए बाज़ारों में खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है। कल धनतेरस पर लोगों ने जमकर खरीददारी की और आज भी यह सिलसिला जारी है। दोनों दिन त्रयोदशी होने से धनतेरस दोनों दिन मनाया जा रहा है। लोग कपड़ों, आभूषणों, बर्तनों और इलेक्ट्रॉनिक्स के सामान की जमकर खरीदारी कर रहे हैं। दीपावली को लेकर लोग घरों को सजा संवार रहे हैं। भगवान गणेश और लक्ष्मी जी की सुंदर मूर्तियों से सजी दुकानों में विशेष रूप से भीड़ देखने को मिल रही है। इसके अलावा खूबसूरत लाइटों की खूब बिक्री हो रही है। झाँसी में भी दीपावली के लिए बाज़ारों में रौनक है। धनतेरस पर भी इस बार पहले की तुलना में अधिक कारोबार हुआ। जौनपुर में भी धनतेरस पर लोगों ने खूब खरीदारी की। उधर दिवाली के अवसर पर किसी भी तरह की आपात स्थिति से निपटने के लिए प्रदेश सरकार ने सभी सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की छुट्टियों को रद्द कर दिया है। इसके अलावा सभी अस्पतालों में बर्न यूनिट को सक्रिय करने के निर्देश दिए गए हैं।

————————

राज्य सरकार ने प्रदेश में दिवाली के अवसर पर दो दिन की छुट्टी घोषित कर दी है। सरकार की तरफ से पहले एक दिन की छुट्टी घोषित थी, लेकिन तिथियों को लेकर असमंजस की स्थिति में राज्य सरकार ने एक नवम्बर को भी अवकाश घोषित कर दिया है। सरकार की तरफ से आज इस संबंध में एक शासनादेश जारी कर दिया गया है।

————————

दिवाली और छठ पर घर जाने वाले यात्रियों के लिए रेलवे ने विशेष ट्रेने चलाने की घोषणा की है। भारी भीड़ और लंबी वेटिंग लिस्ट को देखते हुए रेलवे ने त्यौहार के लिए यह ट्रेनें चलाने का फैसला किया है। उत्तर रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक एस एम शर्मा ने बताया कि दिल्ली से चलने वाली 35 ट्रेनें लखनऊ मंडल से होकर गुज़रेंगी। बाइट.....डीआरएम

*लखनऊ से करीब 35 गाड़ियां अप और डाउन में आ रही है, जिमें 28 गाड़िया लखनऊ के थ्रू पास करती है, बाकी जो है शरगंज, बनारस और जौनपुर के थ्रू 7 गाड़िया, पास कर रही है। इसके अलावा हमने कुछ स्पेशल ट्रेन प्लान की हुई जो चल रही है, 5*

*लखनऊ से एक बनारस और एक अयोध्या से ये हम लोग चला रहे है और बनारस भटिंडा ये रेगुलर हमारी एक स्पेशल ट्रेन चल रही है, ताकि हम काउड को कम कर सके अभी हम एक वंदे भारत, छपरा के लिये चला रहे है। ये सारी ट्रेन हमारी चल रही है। पूरा विश्वास की सारे पैसेंजर आराम से हम डील अगर वेटिंग लिस्ट बढ़ रही है तो उस डायरेक्शन में काम करेंगे।*

इसके अलावा त्योहारों के दौरान यात्रियों की भारी संख्या से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए भी रेलवे ने अनेक कदम उठाए हैं। इसके लिए प्रमुख स्टेशनों पर अतिरिक्त टिकट काउंटर बनाए गए हैं। वहीं यात्रियों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीनें, पूछताछ काउंटर, खानपान सेवाएं, पीने का पानी और मोबाइल शौचालय भी स्थापित किए गए हैं।

————

स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की संयुक्त सचिव, वृंदा मनोहर देसाई ने आज लखनऊ में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के विभिन्न विभागों के कार्यालयों का स्वच्छता निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एक पेड़ मां के नाम गतिविधि के तहत वृक्षारोपण भी किया।

————

नीट यूजी दो हजार चौबीस के तहत चौथे चरण में एमबीबीएस और बीडीएस कोर्स में आवंटित सीटों पर आज से अभ्यर्थियों का प्रवेश शुरू हो गया है, जो पांच नवम्बर तक जारी रहेगा। इस चरण में सीट छोड़ने वाले अभ्यर्थियों को अगले वर्ष के लिये प्रतिबंधित किया जायेगा। यह अभ्यर्थी वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस की एमबीबएस और बीडीएस कोर्स की प्रवेश काउंसिलिंग में हिस्सा नहीं ले सकेंगे।

————